प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.07.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

बजट सत्र

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। 12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 16 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज संसद में वित्तीय वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगी। इस दौरान केंद्रीय बजट कल 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। इस सत्र में मुख्य रूप से केंदीय बजट 2024–25 से संबंधित वित्तीय कार्य निपटाएं जाएंगे। इस बीच बजट सत्र से पहले कल नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान केन्द्र सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील की। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

विश्व धरोहर समिति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर

समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन किया। भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी कर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और विरासत संरक्षण प्रयासों में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत की विरासत केवल इतिहास नहीं बल्कि विज्ञान भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार, देश के 3 सौ 50 से अधिक प्राचीन धरोहरों को वापस लायी है। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि भारत यूनेस्को विश्व धरोहर केंद्र के लिए दस लाख डॉलर का योगदान देगा। इस अनुदान का उपयोग क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और विश्व धरोहर स्थलों के संरक्षण के लिए किया जाएगा।

शपथ

प्रदेश में हाल ही में सम्पन्न तीन विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायकों को आज शपथ दिलाई जाएगी। शपथ समारोह राजधानी शिमला स्थित विधानसभा परिसर में होगा, जहां विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विधायकों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। हाल ही में सम्पन्न उपचुनाव में देहरा से कमलेश ठाकुर, हमीरपुर से आशीष शर्मा जबकि नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा विधानसभा चुनाव जीते हैं।

नीट–यूजी परीक्षा

सर्वोच्च न्यायालय नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताएं और उसको रद्द करने की मांग से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। खंडपीठ ने नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस और उसकी आर्थिक अपराध इकाई से भी रिपोर्ट की कॉपी मांगी है। नीट यूजी 2024 परीक्षा में दो हजार तीन सौ 21 विद्यार्थियों ने सात सौ या इससे अधिक अंक प्राप्त किये। परीक्षा में एक से सौ के बीच स्थान प्राप्त करने वाले उम्मीदवार 56 शहरों और 95 केंद्रों के हैं।

विजय दिवस

कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ भाजपा इस वर्ष दो चरणों में 25 और 26 जुलाई को मनाएगी। राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार ने बताया कि पहले चरण में 25 जुलाई को विजय दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक मंडल में मशाल रैलियां निकाली जाएगी। दूसरे चरण में 26 जुलाई को वीरों की शौर्य गाथा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

मणिमहेश यात्रा

उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा इस वर्ष 28 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चंबा में बैठक की। उन्होंने श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं संबंधी कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

मौसम

राजधानी शिमला समेत प्रदेश के कुछ स्थानों पर बीती रात से से रूक–रूक कर बारिश हो रही है। हालांकि मॉनसून की धीमी रफ्तार के चलते मैदानी इलाकों में बढ़ती उमस लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज और कल भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में प्रशासन ने लोगों से नदी–नालों और भू–स्खलन प्रभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है–शिमला में पेड़ रहित जमीन पर ही होंगे निर्माण कार्य। दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर के एक जैसे शब्द है–शिमला में जहां नहीं पेड़, वहीं मिलेगी निर्माण की अनुमति।

हिमाचल दस्तक लिखता है–हरे या सूखे पेड़ों वाली जगह पर रहेगी रोक....आपका फैसला का शीर्षक है–हरित क्षेत्र को दिया जा रहा विस्तार।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है–मंडी में एनएच पर चलती बस पर गिरी चट्टान तीन सवारियां घायल, एक घंटा आवाजाही बंद। दैनिक जागरण के मुताबिक–कांगड़ा व मंडी में आज भारी वर्षा का अलर्ट। पंजाब केसरी के अनुसार–हिमाचल मे सामान्य से 41 फीसदी कम बरसे मेघ, सूखे की चपेट में फसलें। आपका फैसला के शब्द है–फसलें चौपट अच्छी बारिश न होने से पौधों की वृद्धि रूकी।

कॉलेजों में नहीं बिकेगा अनहेल्दी फूड, शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–कैंटीन में जंक फूड पर प्रतिबंध लगाने के लिए यूजीसी ने जारी किए निर्देश।

अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट में डेब्यू करने वाली चौथी हिमाचली बनी तनुजा कंवर–आपका फैसला की एक खबर है।

———————————